**खबर संक्षेप**

### तलाक-तलाक-तलाक बोलकर पत्नी को ठुकराया

**शहडोल।** देश में तीन तलाक के खिलाफ कड़ा कानून बनने के बावजूद समाज के कुछ तत्वों में कानून का खौफ नजर नहीं आ रहा है। जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने समाज और कानून को ठेंगा दिखाते हुए अपने ससुर और साले के सामने ही पत्नी को तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म करने का दुस्साहस किया।

**रहम की गुहार पर मिला तलाक का दंश-** जानकारी के अनुसार, पीड़िता का निकाह वर्ष 2022 में ग्राम केशवाही निवासी मोहम्मद सलील के साथ हुआ था। निकाह के कुछ समय बाद से ही सलील ने पीड़िता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया, जिसके कारण पीड़िता अपने मायके में रहने को मजबूर थी। मामला न्यायालय में भरण-पोषण के स्तर पर लंबित है। 23 दिसंबर को जब पीड़िता के लाचार पिता अपनी बेटी का घर बचाने की उम्मीद में दामाद के पास रहम और समझौते की गुहार लगाने पहुंचे, तो आरोपी ने संवेदनशीलता दिखाने के बजाय सरेआम दरिंदगी की हदें पार कर दीं।

**अहंकार में चूर आरोपी ने तोड़ा कानून-** बातचीत के दौरान आरोपी सलील इतना उग्र हो गया कि उसने अपने बुजुर्ग ससुर के सामने ही चिल्लाकर तीन बार तलाक-तलाक-तलाक कह दिया। वहां मौजूद लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी अपनी जिद पर अड़ा रहा। उसने न केवल अपनी पत्नी की गरिमा को ठेस पहुँचाई, बल्कि भारतीय संसद द्वारा पारित मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 की सरेआम धज्जियां उड़ा दीं।

**पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक-** पीड़िता की शिकायत पर जैतपुर पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस का कहना है कि यह एक संज्ञेय अपराध है और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है। यह मामला उन लोगों के लिए एक सख्त चेतावनी है जो आज भी दकियानूसी प्रथाओं के नाम पर महिलाओं का शोषण करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस अब इस मामले में कड़ी वैधानिक कार्रवाई कर रही है ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके।

### मानपुर में हुई संभागीय समाजसेवियों की भेंट वार्ता



**मानपुर।** 24 दिसम्बर की शाम डॉक्टर पंकज शर्मा शहीद भगत सिंह यूथ फाउंडेशन शहडोल ने मध्य प्रदेश युवासमाज सेना के समाजसेवी राहुल शुक्ला से मुलाकात की एवं दोनों ने समाज में युवाओं की भागीदारी के विषय में चर्चा किए। राहुल शुक्ला ने बताया कि शुरू से ही डॉक्टर शर्मा उनके आदर्श रहे है छात्र राजनीति जैसे अनेक सार्वजनिक जीवन के मंचों में उनका मार्गदर्शन मिलता रहा है । राहुल शुक्ला ने बताया कि शहीद यूथ फाउंडेशन में डॉक्टर शर्मा जी द्वारा पुलिस सेवा में सलेक्टेड परीक्षार्थी को फिजिकल ट्रेनिंग कई वर्षों से दी जा रही है जिसमें हर साल बहुत सारे युवा अपना भविष्य बना रहे है। आने वाले समय की नई रणनीति तैयार करने एवं समाज सेवी की बेहतर भूमिका का निर्वहन समूचे संभाग में बेहतर तरीके से हो पाए इस विषय पर चर्चा सकारात्मक रही।

### अवैध कबाड़ से लदी पिकअप जप्त, शातिर तस्कर गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले में अवैध कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुढ़ार थाना पुलिस ने कबाड़ के अवैध परिवहन पर कड़ा प्रहार किया है। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने एक पिकअप वाहन को रोककर भारी मात्रा में अवैध कबाड़ बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन को राजसात करने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## करोड़ों के गबन का मामला फिर उभरा


# अब अभियोजन स्वीकृति से हिली व्यवस्था

शहडोल में करोड़ों रुपये के गबन और जालसाजी का मामला एक बार फिर प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा रहा है। वर्षों से दबा पड़ा यह प्रकरण अब नए आदेश के बाद फिर सतह पर आ गया है। सवाल यह है कि आखिर इतनी लंबी अवधि तक भ्रष्टाचार कैसे चलता रहा और किसके संरक्षण में आरोपी बचता रहा।

शहडोल।

करोड़ों रुपये के गबन, फर्जी दस्तावेजों और पद के दुरुपयोग से जुड़ा मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। वर्षों पहले उजागर हुए इस प्रकरण में अब ताज़ा प्रशासनिक कार्रवाई ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बुढार थाना क्षेत्र में दर्ज अपराध क्रमांक 493/2021 में पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियोजन स्वीकृति जारी किए जाने के बाद यह साफ हो गया है कि मामला केवल कागजों तक सीमित नहीं था, बल्कि भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी थीं। यह वही मामला है, जिसमें आरोपी अशोक शर्मा पर विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं के नाम पर बड़े पैमाने पर गबन और जालसाजी के आरोप लगे थे। जांच में सामने आया था कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी राशि


हरिभूमि



का दुरुपयोग किया गया और वर्षों तक यह खेल चलता रहा।

### अशोक शर्मा की लंबी 'फरिश्ते' भ्रष्टाचार की कहानी

सूत्रों के अनुसार अशोक शर्मा का नाम अचानक नहीं उभरा। उसकी कार्यप्रणाली और प्रभाव वर्षों से चर्चा में रही है। आरोप है कि उसने अपने पद और पहुंच का इस्तेमाल कर न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग किया, बल्कि सिस्टम के भीतर अपने फरिश्तों यानी संरक्षण देने वालों के सहारे खुद को सुरक्षित भी रखा। पुराने खुलासों में यह तथ्य सामने आ चुका था कि एक-दो नहीं, बल्कि कई मामलों में उस पर आर्थिक अनियमितताओं के आरोप लगे। इसके बावजूद कार्रवाई की रफ्तार बेहद धीमी रही। यही कारण है कि यह मामला सालों तक जांच और कागजी औपचारिकताओं में उलझा रहा। सवाल यह उठता है कि अगर समय रहते सख्ती होती, तो क्या करोड़ों का नुकसान रोका नहीं जा सकता था?

### पुराना खुलासा, नया आदेश और फिर वही सवाल

वर्ष 2021 में मामला दर्ज होने के बाद यह उम्मीद जगी थी कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उस समय यह भी कहा गया था कि जांच अंतिम चरण में है, लेकिन फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब वर्ष 2025 में पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियोजन स्वीकृति दिए जाने से एक बार फिर यह प्रकरण चर्चा में आ गया है। आदेश में साफ कहा गया है कि जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए हैं और न्यायालय में अभियोजन चलाने की अनुमति दी जाती है। यह आदेश अपने आप में कई सवाल छोड़ जाता है। अगर आरोप इतने पहले से स्पष्ट थे, तो अभियोजन स्वीकृति में चार साल क्यों लगे? क्या यह देरी केवल प्रक्रिया का हिस्सा थी या फिर जानबूझकर मामले को लंबा खींचा गया?

### सरकारी भवन पर कब्जे की परतें

मामले में एक और गंभीर आरोप जुड़ा है, पाली रोड स्थित शहंशाह आश्रम नामक शासकीय भवन पर कब्जे का है, आरोप है कि यह सरकारी संपत्ति होते हुए भी लंबे समय तक निजी उपयोग में रही और जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखें मूंदे रखीं। इसी कड़ी में मौजूदा सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति होती, तो यह मामला कब का उजागर हो चुका होता। जानकारों का कहना है कि सहायक आयुक्त के स्तर से चाहें तो कई दस्तावेज और तथ्य तत्काल सामने लाए जा सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इससे संरक्षण के आरोप और मजबूत होते हैं।

### कब तक चलेगा मामला

अभियोजन स्वीकृति के बाद अब कानूनी प्रक्रिया तेज होने की बात कही जा रही है, लेकिन यह मामला कब तक चलेगा, इसका कोई स्पष्ट जवाब नहीं है। जनता के बीच यह सवाल गूंज रहा है कि क्या यह प्रकरण भी वर्षों तक अदालतों में तारीखों का बोझ बनकर लटका रहेगा? भ्रष्टाचार से जुड़े ऐसे मामलों में केवल आदेश जारी होना ही पर्याप्त नहीं है। जरूरत है समयबद्ध और निष्पक्ष कार्रवाई की। करोड़ों की जनता की गाढ़ी कमाई से जुड़े इस मामले में यदि दोषियों को सख्त सजा नहीं मिली, तो यह पूरे तंत्र की विफलता मानी जाएगी।

### व्यवस्था पर सवाल

अशोक शर्मा का मामला अब केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहा। यह पूरे प्रशासनिक ढांचे पर सवाल है—कि आखिर भ्रष्टाचार फलता-फूलता कैसे रहा, किसकी चुप्पी ने इसे बढ़ावा दिया और कब तक ऐसे मामलों में केवल फाइलें ही चलती रहेंगी? जनता यह जानना चाहती है कि क्या इस बार मामला अंजाम तक पहुंचेगा या फिर यह भी एक और लंबी कहानी बनकर रह जाएगा।

## बुढ़ार में बुजुर्ग के साथ बड़ी धोखाधड़ी

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की मेहनत की कमाई पर हाथ साफ करने वाले शातिर अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। विक्रमपुर निवासी एक 70 वर्षीय बुजुर्ग के घर से एटीएम कार्ड चोरी कर लाखों रुपये पार करने वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने दबोच लिया है। घटना का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 15 निवासी जोधेलाल यादव उम्र 70 वर्ष के घर के बाहर चारपाई पर रखे एक्सिस बैंक के एटीएम कार्ड को आरोपियों ने शातिर तरीके से चोरी कर लिया था। इसके बाद 5 जून से 9 जून 2025 के बीच आरोपियों ने विभिन्न एटीएम बूथों का उपयोग कर बुजुर्ग के खाते से 2,30,000 रुपये की विशाल राशि अवैध रूप से आहरित कर ली। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने थाने में न्याय की गुहार लगाई।

**आयुष बारी गिरफ्तार, साथी फरार-** बुढ़ार पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आयुष उर्फ अर्जुन बारी 33 वर्ष निवासी बरियान टोला को 23 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

**दूसरे आरोपी की तलाश जारी-** प्रकरण में शामिल एक अन्य आरोपी आयान खान फिलहाल फरार चल रहा है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही दूसरा आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में होगा। इस सफल कार्रवाई में बुढ़ार थाना प्रभारी और उनकी टीम की सक्रिय भूमिका रही, जिसकी क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## राजेश बनाम मेघराज फिर चर्चा में, संगठित गिरोह पर पुलिस की ढीली पकड़

शहडोल ।

संभाग में जुए का अवैध कारोबार अब किसी एक थाना या एक जिले तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक संगठित आपराधिक गिरोह की शक्ल ले चुका है। हालिया सिंहपुर थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई ने भले ही पुलिस को प्रेस नोट जारी कर अपनी पीठ थपथपाने का मौका दे दिया हो, लेकिन हकीकत यह है कि इस पूरे नेटवर्क का केंद्र अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस गिरोह के केंद्र में शहडोल का कुख्यात और सबसे बड़ा जुआरी मेघराज जिलानी बताया जा रहा है, जिसके साथ रजनी (शहडोल), लाला मुराद, छंगा (गोरतरा) और अतुल (श्रमिक नगर, अनूपपुर) जैसे नाम लगातार सामने आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, मेघराज गेलानी लंबे समय से शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिलों में जुआ फड़ के संचालन का मास्टरमाइंड रहा है। यही वजह है कि जुआ फड़ की जगह बदलती रहती है—कभी सिंहपुर, कभी सीमा क्षेत्र, तो कभी कोयलांचल और जंगलों के भीतर—लेकिन संचालन करने वाले चेहरे वही रहते हैं। बीते दिनों सिंहपुर पुलिस जिस जुआ फड़ पर कार्रवाई का दावा कर रही है, असल में वह फड़ पुलिस पहुंचने से पहले ही हट चुकी थी। लौटते वक्त हारे हुए कुछ जुआरियों के पास से नगदी जब्ती को ही बड़ी सफलता के रूप में पेश कर दिया गया।




मेघराज गेलानी का आपराधिक इतिहास भी कोई नया नहीं है। वर्ष 2017 में शहडोल कोतवाली थाना में उसके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज हो चुका है। खास बात यह रही कि उस समय भी उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए अपना नाम बदलकर दर्ज कराया था। यही पैटर्न हाल के मामलों में भी सामने आता है, जहां नाम बदलने, पहचान छिपाने और दस्तावेजों में हेराफेरी कर कानून से बचने का प्रयास किया जाता रहा है।

बताया जा रहा है कि इन जुआ फड़ों में 50 से 60 लाख रुपये तक का खेल चलता है। लाखों का यह काला धन किसी भी समय बड़ी आपराधिक वारदात का कारण बन सकता है। जुए से अर्जित यह अवैध रकम संगठित अपराध, हथियारों की खरीद और हिंसक घटनाओं की जमीन तैयार करती है। इसके बावजूद पुलिस की कार्रवाई केवल छोटे जुआरियों तक सीमित रह जाती है, जबकि मेघराज जिलानी जैसे मुख्य किरदार हर बार बच निकलते हैं।

अब सवाल यह है कि क्या शहडोल, उमरिया और अनूपपुर के पुलिस अधीक्षक इस संगठित गिरोह पर निर्णायक प्रहार करेंगे, या फिर यह गिरोह यूं ही जिले-दर-जिले घूमकर कानून को चुनौती देता रहेगा। क्षेत्रवासियों के लिए यह जुआ गिरोह अब नासूर बन चुका है, जिसे समय रहते नहीं रोका गया तो इसके दुष्परिणाम पूरे संभाग को भुगतने पड़ सकते हैं।

# हार से ही मिलता है जीत का जुनूनः हिमाद्री

## शहडोल में खेल महाकुंभ का भव्य समापन







### पीएम मोदी के मंत्र से खिलाड़ियों में भरा जोश
### मिनी ब्राजील की धरती पर गूंजा जीत का शंखनाद
### शहडोल में जल्द बनेगा अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

शहडोल।

संभागीय मुख्यालय में भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन अत्यंत गरिमामय और भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस खेल महाकुंभ ने शहडोल संसदीय क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को न केवल एक मंच प्रदान किया, बल्कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति और खेल भावना का नया संचार भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

### शहडोल की प्रतिभाओं का लोहा मानेगी दुनियाः सांसद

मुख्य अतिथि की आसंदी से खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा खेल केवल मैदान तक सीमित नहीं हैं, ये हमें अनुशासन, धैर्य और जीवन के संघर्षों से लडन्ना सिखाते हैं। उन्होंने विचारपुर (मिनी ब्राजील) के फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा कि जब स्वयं प्रधानमंत्री मन की बात में इस अंचल की प्रतिभा की चर्चा करते हैं, तो हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सांसद ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि



शहडोल संसदीय क्षेत्र में खिलाडियों के लिए सर्वसुविधायुक्त स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्टेडियम निर्माण के प्रयास अंतिम चरण में हैं। यहाँ खिलाड़ियों के ठहरने के साथ-साथ विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### पीएम मोदी का लाइव संबोधन

समारोह का मुख्य आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन रहा। बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री के प्रेरक वचनों को सुनकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। प्रधानमंत्री ने जब खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की बात की, तो पूरा खेल मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पीएम के इस संबोधन ने खिलाडियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिए नई ऊर्जा प्रदान की।

### शिक्षा और खेल का समन्वय जरूरी:जयसिंह

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक जयसिंह मरावी ने युवाओं को फिट इंडिया का संदेश देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलों का समन्वय अनिवार्य है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास की सलाह दी। वहीं, जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि खेलों में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण टीम वर्क और खेल भावना है, जो समाज को सकारात्मक दिशा देती है।

### 14 हजार खिलाड़ियों ने दिखाया दम

क्रीड़ा भारती के सह सचिव डॉ. राजेश त्रिपाठी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस से शुरू हुए इस अभियान में डिजिटल इंडिया की झलक दिखी। प्रतियोगिता के लिए 10,631 खिलाडियों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया था। तीन माह के भीतर शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और कटनी (बड़वारा) के लगभग 14,000 खिलाड़ियों ने कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, खो-खो, रस्साकशी और लाठी जैसे पारंपरिक खेलों में अपना कौशल प्रदर्शित किया।

### सांस्कृतिक छटा और साहसिक प्रदर्शन

समापन समारोह केवल खेलों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जनजातीय संस्कृति के सैला, कर्मा जैसे सामूहिक नृत्यों ने समां बांध दिया। अतिथियों ने भी जनजातीय कलाकारों के साथ कदम थिरकाए। क्रीड़ा भारती के योगा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा योग क्रियाओं और लाठी मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन कर दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। विशेष रूप से लाठी प्रतियोगिता के 47 राष्ट्रीय खिलाड़ियों की उपस्थिति ने आयोजन के स्तर को ऊंचा किया।

### विजेताओं की सूची और सम्मान

प्रतियोगिता के परिणामों में जबरदस्त टक्कर देखने को मिली, कबड्डी और फुटबॉल बालक/बालिका वर्ग शहडोल जिला प्रथम रहा। वॉलीबॉल और रस्साकशी में उमरिया जिले ने बाजी मारी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता और उपविजेता टीमों को नगद पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और सीईओ शिवम प्रजापति सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने खेल प्रशिक्षकों और आयोजकों को उनके अथक परिश्रम के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किए।

### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह, एसडीएम श्रीमती अमृता गर्ग, नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी सरावगी, संतोष लोहानी, भूपेंद्र मिश्रा, प्रियम त्रिपाठी सहित चारों जिलों के जनप्रतिनिधि, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडेय ने किया। राष्ट्रगीत के साथ इस ऐतिहासिक खेल उत्सव का समापन हुआ।





## शिक्षा के मंदिर में मासूमियत का अपमान
## कलम की जगह बच्चों के हाथ में थमाई बाल्टी

### मास्टर ने बच्चों से साफ कराया शौचालय सोहागपुर के कठौतिया स्कूल का शर्मनाक वीडियो वायरल

शहडोल।

देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने और बच्चों की मासूमियत को कुचलने वाली एक बेहद घिनौनी तस्वीर शहडोल जिले से सामने आई है। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें और भविष्य के सपने होने चाहिए, सोहागपुर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक विद्यालय कठौतिया में उन हाथों में गंदी बाल्टियां और झाड़ू थमा दिए गए। विद्यालय के शिक्षकों ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघते हुए नन्हे-मुन्ने बच्चों से स्कूल के शौचालय साफ कराए। इस अमानवीय कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिले की शिक्षा व्यवस्था पर कलंक लग गया है।

### शौचालय की सफाई... और शिक्षक का तमाशा

वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि छोटे-छोटे बच्चे, जिनकी उम्र अभी खेल-कूद और पढने की है, भारी-भरकम पानी की बाल्टियां ढो रहे हैं। बालक और बालिका शौचालयों की गंदगी साफ करते इन बच्चों की बेबसी को देखकर किसी का भी कलेजा कांप जाए। चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब स्कूल के जिम्मेदार शिक्षक कतिकराम कोल के इशारे पर हो रहा था। बच्चे खुद कुबूल कर रहे हैं कि उन्हें गुरुजी ने यह काम सौंपा था।

### अपनी मर्जी से कर रहे थे सफाई

जब इस पूरे मामले पर शिक्षक कतिकराम कोल से सवाल किया गया, तो उन्होंने ऐसी सफाई दी जो संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। उन्होंने कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए कहा कि बच्चों ने अपनी मर्जी से सफाई करने की बात कही थी। सवाल यह उठता है कि क्या प्राथमिक विद्यालय के बच्चे स्कूल में सफाई कर्मचारी बनकर आते हैं? क्या शिक्षा विभाग का बजट इतना खत्म हो गया है कि सफाई के लिए अब मासूमों के कंधों का इस्तेमाल किया जाएगा?

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

वीडियो वायरल होने के बाद से अभिभावकों और आमजन में भारी गुस्सा है। लोगों का कहना है कि यह न केवल बाल अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि एक अपराधी कृत्य भी है। हैरानी की बात यह है कि घटना के कई घंटों बाद भी जिला शिक्षा विभाग के आला अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। इस घटना ने सरकार के पढ़ेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया जैसे नारों की धज्जियां उड़ा दी हैं। अगर स्कूल के भीतर बच्चों से शौचालय साफ कराए जाएंगे, तो कौन गरीब माता-पिता अपने बच्चे को स्कूल भेजने की हिम्मत जुटा पाएगा? अब देखना यह है कि प्रशासन इस लापरवाह और संवेदनहीन शिक्षक पर केवल कारण बताओ नोटिस जारी कर औपचारिकता निभाता है या उसे तत्काल सेवा से पृथक कर कोई नजीर पेश करता है।

**स्वस्थ भारत का संकल्प, मोटे अनाज और स्वच्छता से ही संभव है निरोगी कायाः कुमरे**

# उमरिया में रेडक्रॉस के शिविर में उमड़ा जनसैलाब विशेषज्ञों ने दिए स्वस्थ जीवन के मंत्र











उमरिया

जिला अस्पताल उमरिया में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर मानवता की सेवा और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ। शिविर का शुभारंभ करते हुए मध्य प्रदेश रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एस.एस. कुमरे ने स्वच्छता और खान-पान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए केवल चिकित्सा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आसपास के वातावरण की शुचिता भी अनिवार्य है।





### जैविक खेती और मोटे अनाजों पर जोर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमरे ने कहा यदि हम अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ और सुंदर रखते हैं, तो आधी बीमारियां अपने आप दूर हो जाती हैं। स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली में बदलाव का आह्वान करते हुए सुझाव दिया कि आम जनमानस को अपनी दिनचर्या सुधारनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से जैविक एवं प्राकृतिक खेती के साथ-साथ मोटे अनाजों (मिलेट्स) को अपनाने का संकल्प लेने की बात कही, ताकि आने वाली पीढिय़ा असाध्य रोगों से सुरक्षित रह सकें।

### एक ही छत के नीचे विशेषज्ञों का महाकुंभ

उमरिया वासियों के लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं रहा। चेयरमैन कुमरे ने बताया कि रेडक्रॉस का लक्ष्य वृहद स्तर पर ऐसे शिविर आयोजित करना है जहां दूर-दराज के मरीजों को बड़े डॉक्टरों का परामर्श मिल सके। उन्होंने घोषणा की कि जिन मरीजों का उपचार जिला स्तर पर संभव नहीं होगा, रेडक्रॉस उनके बाहर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। साथ ही, आने वाले समय में आँखों की जांच, सिकल सेल एनीमिया जागरूकता और जूनियर-सीनियर वॉलेंटियर्स की टीम तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।

### कलेक्टर ने बताया मील का पत्थर

रेडक्रॉस सोसायटी के जिला अध्यक्ष एवं कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने शिविर की सराहना करते हुए इसे मरीजों के लिए मील का पत्थर करार दिया। उन्होंने कहा रेडक्रॉस सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रही है। जिला अस्पताल में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा पहुँचाना है। डॉक्टरों द्वारा दिए गए परामर्श का पालन कर नागरिक एक खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

### इन रोगों की हुई निःशुल्क जांच और परामर्श

रेडक्रॉस के प्रदेश प्रतिनिधि मान सिंह और सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि शिविर में हृदय रोग, कैंसर, हड्डी रोग, शिशु रोग, स्त्री रोग, टीबी और सिकल सेल एनीमिया जैसे गंभीर रोगों की जांच की गई। साथ ही, ईसीजी और सोनोग्राफी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

### शिविर में सेवा देने वाले प्रमुख विशेषज्ञ

हृदय रोग डॉ. हर्षा रेड्डी, हड्डी रोग डॉ. विकास सावला, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. शगुन गुप्ता, कैंसर विशेषज्ञ डॉ. मालती भगत, शिशु रोग डॉ. अशोक चौदहा, स्त्री रोग डॉ. शिवांगी विश्वकर्मा, पैथोलॉजिस्ट डॉ. मुकुल तिवारी (जिला क्षय रोग अधिकारी) मौजूद रहे।

### निरीक्षण और सहभागिता

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों और जांच कक्षों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. वी.एस. चंदेल, रेडक्रॉस सभापति अखिलेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ और जिले भर से आए सैकड़ों मरीज उपस्थित रहे। रेडक्रॉस ने स्पष्ट किया कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए उनका संकल्प अटूट है और आने वाले समय में ऐसे सेवा प्रकल्प निरंतर जारी रहेंगे।

## रेडक्रास सोसायटी की बैठक संपन्न

उमरिया




चेयरमैन मप्र रेडक्रास सोसायटी एस एस कुमरे ने भारतीय रेडक्रास सोसायटी के बैठक कि अध्यक्षता करते हुए कहा कि समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सेवा भावना के साथ रेडक्रास सोसायटी में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें । इसको बढाने में संबंधित सभी अपनी अपनी सहभागिता प्रदान करें ।

उन्होने रक्त दान जागरूकता के संबंध में समीक्षा की । जिस पर बताया गया कि समय समय पर जिला अस्पाताल उमरिया में तथा अन्य जगहो पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है, तथा जिला अस्पताल उमरिया में स्थापित ब्लड बैंक में रक्त को रखा जाता है, आवश्यकता पडने पर पीडितों को ब्लड उपलब्ध कराया जाता है । जिस पर चेयरमैन एस एस कुमरे ने कहा कि वृहद स्तर पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरो में रक्तदान करने वाले व्यक्तियों की सूची पृथक से तैयार की जाए, ताकि उस क्षेत्र में रक्त की आवश्यकता पडने पर रक्त की पूर्ति तत्काल की जा सके, और उस मरीज की जान बचाई जा सके । रक्तदान एक महादान माना गया है, जिसमें सभी को बढ़ चढकर हिस्साा लेना चाहिए क्योंकि आपके व्दारा दिए गए रक्त से किसी कि जान बचाई जा सकती है ।

बैठक में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के बेहतर और अच्छे संचालन पर चर्चा करते हुए कहा कि आम जनो को सस्ते दर पर दवाईयों की उपलब्ध हो सके, इस उददेश्य से प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का संचालन किया जा रहा है । उन्होने कहा कि आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण औषधि उपलब्ध हो,इस पर ध्यान दिया जाए ।

बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग व उच्च शिक्षा विभाग व्दारा जे आर सी, वाई आर सी के गठन, जिले में रेडक्रास सोसायटी के विधिवत कार्यालय के संचालन, समस्ती विभागों एवं जे आर सी, बाई आर सी के माध्याम से सिकल सेल व टी बी रोगो से उन्मूलन एवं जागरूकता पर चर्चा, जे आर सी, बाई आर सी की राशि का उपयोग उसी विद्यालय, महाविद्यालय मे उपयोग करने , आईकैंप पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

बैठक में कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि चेयरमैन मप्र रेडक्रास सोसायटी एस एस कुमरे व्दारा जो सुझाव दिए गए है, उस पर अमल किया जाएगा। बैठक में आभार प्रदर्शन रेडक्रास सोसायटी के सचिव राकेश शर्मा ने किया । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, सीएमएचओ डा व्ही एस चंदेल, खनिज अधिकारी विद्याकांत तिवारी,भारतीय रेडक्रास सोसायटी के प्रदेश प्रतिनिधि मान सिंह,आत्मा राम चौबे, सिविल सर्जन डा के सी सोनी,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## इको विकास समिति की बैठक संपन्न



**उमरिया।** क्षेत्र संचालक डॉ अनुपम सहाय एवं उपसंचालक प्रकाश वर्मा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया द्वारा दिए गए निर्देशानुसार बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया एवं एलडब्ल्यूएफ संस्था सुश्री विद्या वेंकटेश फाउंडर के द्वारा संयुक्त रूप से इको विकास समिति पटपरहा की शासकीय प्राथमिक शाला पटपरहा स्कूल के कैंपस में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच लवकेशधित सिंह ने की।

बैठक में समिति के कार्यकाल पूरा होने पर नए अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।नई कार्यकारिणी में महिला के रूप में अध्यक्ष तेरसिया सिंह एवं उपाध्यक्ष अंकित पटेल तथा अन्य कार्यकारिणी के 9 सदस्य को सर्व समिति से चुनाव किया गया।बैठक में सहायक संचालक पनपथा भूरा गायकवाड़ ने सभी समिति के सदस्यों को मानव वन्य प्राणी द्वंद्व को कैसे कम किया जा सकता हैं ,विषय पर विस्तृत चर्चा कर हाथियों से होने वाली हानि फसल हानि,मकान की छती,जन हानि,जन घायल एवं पशु हानि को कैसे कम कर सकते है उसके कई उपाय बताए गए।कार्यक्रम के अंत में संस्था के द्वारा ग्राम रक्षक को कार्य करने की सुगमता की दृष्टि से प्रत्येक ग्राम रक्षक को जैकेट एवं हंटर शूज आदि सामग्री का वितरण किया गया । कार्यक्रम में समिति के सदस्य वन विभाग के डिप्टी रेंजर देवीदीन पटेल,परिक्षेत्र सहायक पथरहटा , बीट प्रभारी श्री सनत प्यासी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे ।

## गोद लिए कुपोषित बच्चे के घर का खनिज अधिकारी ने किया भ्रमण



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशानुसार कुपोषण दूर करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण मुक्त जिला बनाने एवं जन जागरूकता लाने हेतु नवाचार किए जा रहे हैं। नवाचार अंतर्गत कुपोषित बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियो और कर्मचारियो ने उन्हें गोद लिया है, और बच्चो एवं उनके माता पिता को पोषण संबंधी समझाइश दे रहे हैं। खनिज अधिकारी डॉक्टर विद्याकांत तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र ग्राम कुदरा-निगहरी,तहसील बिलासपुर,जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र कुदरा का भ्रमण किया गया केंद्र में कुपोषण से प्रभावित बालिका कंचन सिंह के घर जाकर बालिका एवं उनकी मां से संपर्क कर हालचाल जाना एवं बच्चे के खान पान संबंधी जानकारी ली। बच्चे के स्वास्थ्य को देखते हुए डॉक्टर तिवारी द्वारा आवश्यक दवाइयां और अन्य स्वास्थ्य वर्धक सामग्री बच्चे हेतु दी गई। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र में उपस्थित सभी बच्चो को पोषण संबंधी जानकारी देते हुए समय समय पर स्वास्थ्य केंद्र/जिला अस्पताल उमरिया में चिकित्सा लाभ लेने हेतु भी जानकारी दी गई। कार्यकर्ता से भी डॉ तिवारी द्वारा कुपोषित बच्चों को दी जाने वाले दवाईयां, भोजन एवं अन्य महत्वपूर्ण चर्चाएं की गई।

### एचएमएस की लंबी लड़ाई रंग लाई,आदिवासी युवक रोहित सिंह गोड़ को मिला रोजगार



**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** कोयला मजदूर सभा की वर्षों लंबी संघर्षपूर्ण पहल के बाद अमादांड ओसीपी में कार्यरत दिवंगत कर्मी के पुत्र रोहित सिंह गौड़ को अंततः रोजगार मिल गया। रोहित सिंह गौड़ के पिता स्व. रामप्रीत सिंह गौड़ का वर्ष 2012 में अमादांड ओसीपी में कार्य के दौरान निधन हो गया था। इसके बाद रोहित पिछले 6, 7 वर्षों से विभिन्न संगठनों के सहारे रोजगार के लिए कार्यालयों के चक्कर काटते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला से संपर्क होने के बाद प्रकरण को गंभीरता से लिया गया। श्रीकांत शुक्ला ने रोहित के घर जाकर वस्तुस्थिति जानी और अमादांड ओसीपी से लेकर बिलासपुर तक सतत संघर्ष किया। लगभग 3, 5 वर्षों की लंबी कानूनी व संगठनात्मक लड़ाई के बाद 24 दिसंबर को रोहित सिंह गौड़ को रोजगार दिलाने में सफलता मिली। इस उपलब्धि पर एओसीपी के पदाधिकारियों द्वारा ओसीपी परिसर में मिठाई वितरण कर खुशी मनाई गई और मजदूरों के साथ संघर्ष की पूरी प्रक्रिया पर चर्चा की गई। यूनियन नेताओं ने बताया कि यह सफलता एचएमएस के संगठित प्रयासों के साथ-साथ महामंत्री नाथू लाल पांडे के सहयोग से संभव हो सकी। एओसीपी के कर्मचारियों द्वारा मिले सहयोग के लिए यूनियन ने आभार व्यक्त किया।

## कुएं में गिरने से महिला की दर्दनाक मौत



**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** थाना चौकी फूनगा क्षेत्र के मौहार टोला में बुधवार रात्रि एक महिला की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतका की पहचान फूलमती बाई (उम्र 45 वर्ष), पति बुद्ध सेन सिंह, निवासी मौहार टोला पाली के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलमती बाई रात के समय किसी कारणवश घर के पास स्थित कुएं के समीप गई थीं, इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वे कुएं में गिर गईं। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर फूनगा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है तथा घटना के कारणों की विवेचना की जा रही है। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मीरा खदान बंद करने के विरोध में संयुक्त यूनियनों का ऐलान



**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के जमुनादृकोतमा क्षेत्र अंतर्गत संचालित मीरा खदान को कॉलरी प्रबंधन द्वारा गुपचुप तरीके से बंद किए जाने के विरोध में संयुक्त श्रम यूनियनों ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। यूनियनों का आरोप है कि मीरा खदान में अभी भी पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध है, इसके बावजूद बिना किसी ठोस कारण के खदान को बंद किया गया, जो सीधे तौर पर कामगारों के हितों के खिलाफ है। इसी मुद्दे को लेकर जमुना कोतमा क्षेत्र में संयुक्त यूनियनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आंदोलन को और व्यापक रूप देने पर सहमति बनी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब रोज़ाना प्रदर्शन, गेट मीटिंग और चरणबद्ध आंदोलन के माध्यम से प्रबंधन पर दबाव बनाया जाएगा। संयुक्त यूनियनों ने स्पष्ट किया कि मीरा खदान बंद होने से सैकड़ों कामगारों के समक्ष रोज़गार का संकट खड़ा हो गया है। खदान से जुड़े प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष श्रमिकों के साथ-साथ स्थानीय क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। यूनियनों का कहना है कि यदि खदान में कोयला उपलब्ध है तो उत्पादन बंद करना प्रबंधन की नीयत पर सवाल खड़े करता है। बैठक में यह भी तय किया गया कि जब तक मीरा खदान को पुनः चालू नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और उच्च प्रबंधन तक अपनी मांग मजबूती से पहुंचाई जाएगी। संयुक्त यूनियनों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रबंधन ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो इसका सीधा जिम्मेदार प्रबंधन स्वयं होगा। यूनियन नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ मीरा खदान की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के श्रमिकों के भविष्य और अधिकारों की है, जिसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं पड़ने दिया जाएगा।

## धान खरीदी में बड़ा घोटाला! प्रबंधकों पर गंभीर आरोप



### शारदा वेयरहाउस व लैंपस में अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूजजमुना/बदरा। अनूपपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पयारी क्रमांक 1 स्थित धान खरीदी केंद्र पयारी अमलाई में किसानों के साथ गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। किसानों का कहना है कि शारदा वेयरहाउस प्रबंधन द्वारा शासन के नियमों की खुलेआम अनदेखी करते हुए प्रति बोरी निर्धारित 40 किलो के स्थान पर 41.600 किलो तक धान भरवाया जा रहा है। जिससे किसानों को सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। तौल के बाद भी 10, 15 दिनों तक धान का उठाव नहीं होने से धान खुले में पड़ा रहता है आरोप है कि इसी स्थिति का फायदा उठाकर कर्मचारियों द्वारा “गीला धान बताकर” किसानों से राशि की मांग की जाती है इस पूरे मामले में वेयरहाउस संचालक की मनमानी भी सामने आई है, जिनके खिलाफ किसानों ने शिकायत दर्ज कराई है। किसानों ने लैंपस प्रबंधक अमलाई पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया गया कि पूर्व में भी लैंपस प्रबंधक अमलाई पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे, जिसके चलते पिछले वर्ष उन्हें धान खरीदी से दूर रखा गया था आरोप है कि इस वर्ष उन्होंने जुगाड़ के जरिए दो-दो खरीदी केंद्रों का प्रभार हासिल कर लिया और पुनः भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं किसानों का कहना है कि उनसे कथित तौर पर कहा जाता है कि “नीचे से ऊपर तक पैसा दिया जाता है, जहां शिकायत करना हो कर दो, हमारा कुछ नहीं बिगड़ता जो किसान “नजराना” नहीं देते, उनके धान को गीला धान बताकर रिजेक्ट करने या भुगतान रोकने की धमकी दी जाती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ग्राम पंचायत पयारी के पूर्व उपसरपंच रामकिशोर गौतम ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को लिखित शिकायत भेजकर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### कार्यकारी अध्यक्ष पद पर अनूप त्रिपाठी की नियुक्ति से हर्ष

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस इंटक के केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह के द्वारा जमुना कोतमा क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर अनूप त्रिपाठी की नियुक्ति की गई है। उनके नियुक्त से संगठन को मजबूती मिलेगी। अनूप त्रिपाठी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### यूपी के कौशांबी से दबोचे गए शहडोल के शातिर चोर

**कोतवाली पुलिस ने 2024 से फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**शहडोल।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के पुराने मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश से दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी वर्ष 2024 से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे, जिन्हें अब सलाखों के पीछे पहुँचा दिया गया है। घेराबंदी कर पकड़े गए अपराधी पुलिस के अनुसार, चोरी के एक प्रकरण में वांछित आरोपी मोहम्मद अयूब खान उम्र 48 वर्ष और मोहम्मद शहजाद उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी जिला कौशांबी (उत्तर प्रदेश) की लंबे समय से तलाश की जा रही थी। कोतवाली पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सटीक सूचना के आधार पर दबिश देकर दोनों को धर दबोचा। आरोपियों को शहडोल लाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में उप निरीक्षक राकेश सिंह बागरी, उपेंद्र त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक रूप सिंह, रामराज पांडे और साइबर आरक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा सहित अन्य टीम सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की इस दबिश से अंतरराज्यीय गिरोहों में हडक्रंप व्याप्त है।

### घर के भीतर से एक्टिवा पार करने वाला चोर गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले की बुढ़ार पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक्टिवा बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, टिकुरी टोला निवासी शुभम नामदेव ने 11 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर की परछी (आंगन) से अज्ञात चोर ने रात के सन्नाटे में होंडा एक्टिवा पार कर दी है। पुलिस ने तत्काल अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी की और 25 दिसंबर को आरोपी दीपक सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी ठाकुर बाबा रोड को गिरफ्तार कर लिया। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी पीड़ित के ही वार्ड का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है। इस त्वरित कार्रवाई में बुढ़ार पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## पाली मंडल में मनायी अटल जयंती अटल जी को किये श्रद्धा सुमन अर्पित

**भारतीय जनता पार्टी के नीव रखने वाले पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने की बात कही।**



**बिरसिंहपुर पाली :** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जंयती में आज पाली मंडल में सादे किन्तु गरिमा मय माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर सर्व प्रथम भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी, उपाध्यक्ष देवी सिंह, मंडल महामंत्री विमल अग्रवाल, ,नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक राजेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता बहादुर सिंह उर्फ कालिका सिंह,ओंकार प्रसाद चतुर्वेदी, कार्यक्रम के सह संयोजक संतोष सिंह बैस , वरिष्ठ पार्षद घनश्याम साकेस, भरत प्रजापति, श्रीमती सविता सिंह, श्रीमती ममता सिंह, राजेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप सोनी, अशोक उपाध्याय,अंबिका यादव,कामता विश्वकर्मा, संतोष यादव लल्ली भैया, भीम सिंह,गंगू बैगा, राम दयाल सिंह, समय लाल साहू, सुरेश विश्वकर्मा, प्रेम गुप्ता,अनुपम वर्मा इत्यादि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकत्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री विमल अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नींव रखने वाले पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने की बात कही। वही पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह ने उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की एक अतुलनीय और अकथनीय युग पुरुष पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर हमें उनके बताये पदचिन्हों पर जरूरत है। उनकी निष्ठा, कुशल कार्यशैली, बिषम परिस्थितियों में भी जो धैर्यता और निर्णय लेने की जो असंभावी क्षमता उनमें थी वह बहुत ही विरली लोगों में मिलती है। प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने जो उपलब्धि उन्होंने कायम की उसकी झलक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के रूप में पूरे देश भर में फैली हुई है। मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी जी ने अध्यक्ष की आंसदी से इस अवसर पर अपने उद्बोधन में बताया की भारतीय जनता पार्टी के जनक पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म मध्यप्रदेश के ग्वालियर में एक सामान्य परिवार में 25 दिसम्बर 1924 में हुआ था, जन्म से ही आप असहज प्रतिभा के धनी थे और आपने वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की। आपने अपने श्रम, साधन से जिस दल को सींचा वह आज विशाल वटवृक्ष के रूप में देश में ही नहीं पूरे विश्व भर में सबसे बड़े दल के रूप में जाना जाता है। आपके कृतित्व में वह ताकत थी की अन्य दलों के लोग भी उसका समान रूप से सम्मान करते थे।



## सुशासन दिवस पर किया गया जल संवर्धन का कार्य

**ब्यौहारी**-विकासखंड के अंतर्गत दिनांक 25 /12 /2025 को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिन सुशासन दिवस पर ग्राम शहरगढ़ में रजवहरा नाला में जल संचय संवर्धन अभियान अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 2 बुढ़वा बाणसागर की नव अंकुर संस्था शिवानी शिक्षा समिति अध्यक्ष मनीष मिश्रा परामर्शदाता सरस्वती चंद्र विद्या शहरगढ़ प्रस्फुटन समिति से अध्यक्ष संतोष वर्मा मैया जी सचिव रामचंद्र पाल जी एवं सिद्धार्थ अग्निहोत्री जी ग्राम सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता धर्मराज सिंह ग्रामीण जन माता एवं बहनों की उपस्थिति में बोरी बंधान का कार्यक्रम किया गया जिसमें जल संवर्धन संरक्षण हेतु संकल्प भी लिया गया

### जिला कौशल विकास समिति की बैठक 29 दिसंबर को

**उमरिया** 25 दिसंबर। जिले में कौशल विकास की विभिन्न योजनाओं में आंवटित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु योजनाओं की मॉनिटरिंग हेतु जिला कौशल समिति की बैठक 29 दिसंबर को टीएल बैठक के बाद आयोजित की गई है। समिति के सभी सदस्यो से नियत तिथि एवं नियत स्थान पर उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

## पिता ने की बेटे की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**बेटे के रोजाना धान चुराने को लेकर हुआ विवाद, आरोपी पिता फरार**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

ग्राम पंचायत देवरी के मौहरी देवान टोला में एक पिता ने अपने बेटा की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार सुबह की है। आरोपी पिता अमेरा सिंह ने अपने पुत्र राजबहोर सिंह की हत्या की है। बताया गया है कि राजबहोर सिंह कथित तौर पर रोजाना धान की चोरी करता था। पिता अमेरा सिंह ने उसे कई बार समझाने का प्रयास किया था, लेकिन बेटा अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा था।

**पिता ने कुल्हाड़ी से किया बेटे पर हमला**

गुरुवार को भी पिता ने बेटे को धान चोरी करने से मना किया, जिस पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान बेटे ने पिता पर हाथ उठा दिया। इससे आक्रोशित होकर पिता ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे राजबहोर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी फुनगा की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के बाद आरोपी पिता मौके से फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस द्वारा घटना के पीछे के अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल की जा रही है।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित हुआ अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन



**बिरसिंहपुर पाली :** उमरिया राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग उमरिया द्वारा शासकीय महाविद्यालय उमरिया में आयोजित उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला में उमरिया जिले का अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन सम्मिलित होकर महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई संगठन के जिला अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल अपनी कार्यकारिणी के साथ पहुंचकर आयोजित कार्यशाला में विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी साझा की एवं उपभोक्ताओं को जीवन से जुड़ी हितकारी विषयों की जानकारी प्रदान की उपभोक्ताओं के अधिकार के विषय में लोगों को जानकारी प्रदान करते हुए संगठन ने अपनी बात रखी एवं कार्यशाला में उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष द्वारा बताई गई उपभोक्ताओं की मदद के लिए महत्वपूर्ण जानकारी ग्रहण की इस दौरान जिला उपभोक्ता आयोग के उपाध्याय रामेश्वर प्रसाद एवं पंकज मिश्रा, सचिव देवकी नंदन बघेल आयोग के सदस्य के रूप में उपस्थित थे। अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने उपभोक्ताओं को समस्त जानकारी प्रदान करते हुए उपभोक्ताओं के जीवन से संबंधित सभी जानकारी बताई और कहा कि किसी प्रकार की ठगी या सेवा में कमी होने पर आप संगठन का सहारा लेकर अथवा खुद उपभोक्ता आयोग में केस दायर कर सकते हैं उन्होंने उपभोक्ताओं के अधिकार एवं उपभोक्ता अधिनियम की जानकारी सभी को विस्तृत रूप बताया, सभी विभाग के प्रतिनिधि एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, खाद्य जांच सुरक्षा अधिकारी, नापतोल विभाग उपस्थित रहे। संगठन के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के द्वारा कलेक्टर महोदय से मुलाकात

## घर में अकेली पाकर नाबालिग से दुष्कर्म जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार

**उमरिया। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ एक नाबालिग बच्ची को उसके अपने ही घर में अकेला पाकर एक दरिंदे ने न केवल उसकी अस्मत लूटी, बल्कि घटना के बाद उसे जान से मारने की धमकी देकर दहशत में डाल दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपी अब भी कानून की गिरफ्त से बाहर है।**

### दोपहर के सन्नाटे में दिया वारदात को अंजाम

खबर है कि घटना 23 दिसंबर 2025 की दोपहर की है। जब नाबालिग पीड़िता अपने घर पर मौजूद थी, तभी आरोपी ने सूनेपन का फायदा उठाकर घर के भीतर जबरन प्रवेश किया। पीड़िता के विरोध के बावजूद आरोपी ने उसके साथ दुराचार किया। दरिंदगी की हदें पार करने के बाद आरोपी ने पीड़िता को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के खौफ के कारण पीड़िता कुछ समय तक सहमी रही, लेकिन बाद में उसने साहस जुटाकर परिजनों को अपनी आपबीती सुनाई।

### पुलिस की सक्रियता

परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया है। पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 65(1), 351(3), पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मामला पंजीबद्ध किया। नाबालिग से जुड़ा मामला होने के कारण पुलिस प्रशासन पर भी आरोपी को जल्द पकडऩे का दबाव है।

### पुलिस की ताबड़तोड़ दबिश

घटना के बाद से ही आरोपी फरार है। कोतवाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की हैं। पुलिस की टीमें आरोपी के संभावित ठिकानों, रिश्तेदारों और संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि आरोपी की पहचान हो चुकी है और उसे बहुत जल्द सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

### पुलिस ने की शांति की अपील

जैसे ही यह खबर क्षेत्र में फैली, स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश देखा गया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर लोगों ने चिंता व्यक्त की है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभालते हुए कानून-व्यवस्था को सामान्य बताया है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से धैर्य रखने और शांति बनाए रखने की अपील की है, साथ ही आश्वासन दिया है कि अपराधी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### पीड़िता को कानूनी और मेडिकल सहायता

प्रशासन द्वारा पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है और उसके बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पीड़िता को हर संभव सुरक्षा और कानूनी सहायता प्रदान की जा रही है,ताकि वह इस सदमे से बाहर आ सके। वरिष्ठ अधिकारियों ने कड़े निर्देश दिए हैं कि विवेचना में कोई भी चूक न हो, जिससे आरोपी को न्यायालय में कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके। महिला सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नाबालिग के साथ हुई इस घृणित घटना में पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। आरोपी को पकडऩे के लिए घेराबंदी की जा रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## 16 दिन से लापता नाबाबिग दस्तयाब

शहडोल

जिले की देवलोंद थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 16 दिनों से लापता एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। मामला 8 दिसंबर 2025 का है, जब थाना देवलोंद क्षेत्र की एक 14 वर्षीय छात्रा सुबह घर से सेहरा हाई स्कूल जाने के लिए साइकिल से निकली थी। शाम तक वापस न लौटने और परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न मिलने पर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिजनों ने आशंका जताई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अगवा किया है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से खोजबीन शुरू की। पुलिस की घेराबंदी और निरंतर प्रयासों के चलते दिनांक 24 दिसंबर 2025 को नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। इस सराहनीय कार्रवाई में आरक्षक ओमप्रसाद तिवारी, शिवेश त्रिपाठी, सौरभ मिश्रा और महिला आरक्षक महक कुशवाहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अब मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## धनपुरी में गूंजा सुशासन का मंत्र
## अटल मार्ग के नाम से जानी जाएगी नेहरू डिग्री कॉलेज मॉडल रोड

**धनपुरी।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी जन्म दिवस के अवसर पर गुरुवार 25 दिसंबर 2025 को नगर पालिका परिषद धनपुरी द्वारा एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार, सुशासन दिवस के इस पावन उपलक्ष्य में नगर की प्रमुख मॉडल रोड का नामकरण अटल मार्ग कर उन्हें चिरस्थायी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।





### शिलालेख का अनावरण और व्यक्तित्व पर चर्चा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी ने विधि-विधान से शिलालेख का अनावरण किया। वार्ड क्रमांक 1, 2 और 3 के मध्य स्थित अमरकंटक रोड (किशोर इंजीनियरिंग वर्क्स) से शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज धनपुरी एवं बुढ़ार सीमा बालिका छात्रावास से सरईकापा रोड सीमा तक की सडक़ अब आधिकारिक रूप से अटल मार्ग के नाम से जानी जाएगी। सभा को संबोधित करते हुए विधायक श्री मरावी ने स्वर्गीय वाजपेयी के विराट व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्र सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है और उनका दर्शन आने वाली पीढ़य़ों का सदैव पथ-प्रदर्शन करता रहेगा।

### अटल जी के संकल्पों को आत्मसात करने का आह्वान

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं नगर पालिका परिषद धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविन्दर कौर छाबड़ा ने पूर्व प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक कार्यों और उनके अटूट संकल्पों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रशासन अटल जी के सुशासन के सिद्धांतों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और यह मार्ग उनके प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है।

### गणमान्य नागरिकों की रही गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर नगर पालिका के विभिन्न सभापति और पार्षदों सहित वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में श्रीमती नीतू सोनकर, भोला प्रसाद पनिका, आनंद कचेर, प्रवीण बड़ोलिया, नारायण जायसवाल, विजय यादव और स्कंद कुमार सोनी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। साथ ही पूर्व पार्षद और समाजसेवियों ने भी अटल जी को पुष्पांजलि अर्पित की।

### सुशासन दिवस की शपथ और आभार

कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर ने सुशासन दिवस की महत्ता से सभी को अवगत कराया। उन्होंने प्रशासनिक पारदर्शिता और जनकल्याणकारी कार्यों की शपथ दोहराते हुए उपस्थित अतिथियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

## शहडोल में नाइट सफारी पर निकला तेंदुआ
### रिहायशी इलाकों के मुहाने पर वन्य जीवों की दहशत

**शहडोल। जिले में वन्यजीवों और इंसानों के बीच संघर्ष की चिंगारी अब शोला बनती जा रही है। जंगल की सीमाएं लांघकर हिंसक वन्यजीव अब सीधे इंसानी बस्तियों में घुसपैठ कर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में शहडोल का ब्यौहारी वन परिक्षेत्र उस वक्त थर्रा उठा, जब देर रात एक खूंखार तेंदुआ बेखौफ अंदाज में सडक़ पर नाइट सफारी करता नजर आया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही समूचे इलाके में हडक़ंप मच गया है।**



### गांव की दहलीज पर शिकारी की दस्तक

वायरल वीडियो तीखवा-डबरौहा मार्ग का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक विशालकाय तेंदुआ बिना किसी डर के सडक़ पार कर रहा है। रोंगटे खड़े कर देने वाली बात यह है कि जिस स्थान पर तेंदुआ दिखाई दिया, वहां से ग्रामीणों की बस्ती महज 50 मीटर की दूरी पर है। राहगीरों ने जब अपनी गाडय़ों की रोशनी में इस शिकारी को देखा, तो उनके हाथ-पांव फूल गए। अगर उस वक्त कोई पैदल यात्री या दोपहिया वाहन सवार वहां होता, तो अंजाम भयावह हो सकता था।

### एक तरफ तेंदुआ, दूसरी तरफ हाथियों का तांडव

ब्यौहारी अंचल के ग्रामीण इन दिनों दोहरी मुसीबत से जूझ रहे हैं। एक ओर तेंदुए की चहलकदमी ने रातों की नींद उड़ा दी है, तो दूसरी ओर हाथियों का दल लगातार तबाही मचा रहा है। हाथियों ने कई ग्रामीणों के आशियाने उजाड़ दिए हैं और खेतों में खड़ी फसल समेत घरों में रखे अनाज को पैरों तले रौंद डाला है। जंगली जानवरों के इस बढ़ते हस्तक्षेप ने ग्रामीणों को अपने ही घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है।

### वन विभाग की कुंभकर्णी नींद पर भडक़े ग्रामीण

हादसे का इंतजार कर रहे वन विभाग के रवैये को लेकर जनता में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि रिहायशी इलाकों में हिंसक जानवरों की आमद की सूचना के बावजूद विभाग केवल कागजी घोड़े दौड़ा रहा है। न तो इलाके में नियमित गश्त बढ़ाई गई है और ना ही वन्यजीवों को जंगल की ओर खदेडऩे के ठोस इंतजाम किए गए हैं।

### जनहानि के बाद जागेगा प्रशासन?

लगातार हो रही इन घुसपैठों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वन विभाग किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहा है? ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए और हिंसक जानवरों की निगरानी के लिए टीमें तैनात नहीं की गईं, तो वे उग्र प्रदर्शन को बाध्य होंगे। फिलहाल, समूचा ब्यौहारी क्षेत्र दहशत के साये में है और सूर्यास्त होते ही सन्नाटा पसर जाता है।

## सीवरेज कंपनी की लापरवाही या मौत का जाल? हाईवे पर खुले गड्ढे दे रहे हादसों को दावत

**शहडोल। संभागीय मुख्यालय में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य अब आम नागरिकों के लिए विकास नहीं, बल्कि विनाश का सबब बन गया है। गुजरात की निजी कंपनी द्वारा सिंहपुर रोड पर एफसीआई गोदाम के सामने नेशनल हाईवे पर खोदे गए विशाल गड्ढे पिछले एक माह से जानलेवा बने हुए हैं। आलम यह है कि महत्वपूर्ण मार्ग होने के बावजूद न तो कंपनी काम पूरा कर रही है और न ही प्रशासन सुरक्षा मानकों पर ध्यान दे रहा है।**




### सुस्त रफ्तार और मनमानी का खामियाजा भुगत रही जनता

सिंहपुर रोड केवल स्थानीय मार्ग नहीं है, बल्कि यह जबलपुर, डिंडोरी और रायपुर जैसे बड़े शहरों को जोडऩे वाली जीवनरेखा है। एफसीआई गोदाम के सामने मुख्य सडक़ के बीचों-बीच किए गए गड्ढों के कारण यातायात बाधित है। कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच रात के अंधेरे में ये खुले गड्ढे किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद कंपनी के कर्मचारी तानाशाही रवैया अपनाए हुए हैं।

### दो मौतें भी नहीं झकझोर सकीं प्रशासन का जमीर

शहर में सीवरेज कार्य के दौरान हुई लापरवाही अब तक दो लोगों की जान ले चुकी है। सोहागपुर क्षेत्र में हुए जानलेवा हादसे के बावजूद जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी संदिग्ध है। एफसीआई गोदाम के पास विद्युत विभाग जाने वाला रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया है, जिससे आपातकालीन सेवाओं में भी बाधा आ रही है।

### दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

कंपनी ने सडक़ किनारे जो गड्ढे पाटे भी हैं, वे इतने अव्यवस्थित हैं कि वाहन फंस रहे हैं। आक्रोशित नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेकर कंपनी पर भारी जुर्माना और सुरक्षात्मक कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की, तो जनता उग्र आंदोलन के लिए विवश होगी।

### 'वेंटीलेटर' पर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था

# 'जान' के बदले गरीबों से भारी राशि वसूलने का गंभीर आरोप

सत्ता पक्ष के विधायक व पूर्व मंत्री के पत्र ने खोली जिले के स्वास्थ्य अमले की पोल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर





अनूपपुर विधानसभा के वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. शासन राजेन्द्र शुक्ल को पत्र लिखकर जिले के स्वास्थ्य विभाग मे मची भर्राशाही की पोल खोलकर रख दी है। वेंटीलेटर मे जा चुकी जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था से खुद सत्ताधारी दल के विधायक परेशान हैं वही मरीजों की जान की कीमत वसूलने पर भी गंभीर सवाल खड़े कर स्वास्थ्य अमले की मनमानी व खुले भ्रष्टाचार पर खुलकर विरोध जताया है।

**चिकित्सक व मशीन बिना दम तोड़ रहे मरीज**

विधायक व पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को लिखे पत्र मे उल्लेख किया कि जिला मुख्यालय अनूपपुर में संचालित जिला चिकित्सालय अनूपपुर के चिकित्सकों एवं चिकित्सकीय स्टाफ की कमी होने के कारण यहां के मरीजों का समुचित ईलाज नहीं हो पाता है। यह जनजातीय बाहुल्य जिला होने के कारण यहां गरीबों का समुचित ईलाज की समस्या बनी हुई है। यहाँ संबंधित बीमारियों के चिकित्सकों के नहीं होने के कारण जिले के बाहर रिफर कर दिया जाता है। गरीबी के कारण व चिकित्सकीय सुविधा एवं चिकित्सकों के नहीं होने से कई मरीजों की मृत्यु हो जाती है। दुर्घटना ग्रस्त मरीजों का तात्कालिक सुविधा मशीन एवं चिकित्सक के अभाव में ऐसे मरीजों को जिले के बाहर जबलपुर अथवा बिलासपुर व रायपुर भेजना पड़ता है, जिससे कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं।

**जांच के बहाने भारी राशि की वसूली**

कई मरीजों को बाहर के निजी चिकित्सालयों में भर्ती करने पर उनसे चिकित्सा एवं जांच के बहाने भारी राशि वसूली जाती है। जिस कारण से जिले के समस्त प्राथमिक, सामुदायिक अथवा जिला चिकित्सालय के रिक्त चिकित्सकों, विशेषज्ञों, नर्सिंग स्टॉफ अथवा अन्य आवश्यक कर्मचारियों के पदों की पूर्ति करते हुये दुर्घटना जैसे- गंभीर मरीजों की चिकित्सकीय सुविधा एवं संसाधनों की पूर्ति कराते हुए हेड एन्जुरी के विशेषज्ञ सहित चिकित्सीय स्टॉफ की पदपूर्ति कराये जाने की विशेष आवश्यकता है।

**तत्काल कार्यवाही की मांग**

श्री सिंह ने श्री शुक्ल से जनजातीय बाहुल्य छ.ग. एवं म.प्र. के सीमा में स्थित सुदूर अंचल के जनजातीय, गरीब पिछड़े एवं अन्य गरीब वर्ग के मरीजों, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों, हेड इन्जुरी के गंभीर मरीजों के जान को बचाने के लिये आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता कराते हुए हेड एन्जुरी के विशेषज्ञ सहित अन्य आवश्यक चिकित्सकों, विशेषज्ञों व चिकित्सीय कर्मचारियों के रिक्त पदों की त्वरित प्रतिपूर्ति जनहित में कराये जाने का अनुरोध किया है।

**अन्य जनप्रतिनिधियों की भी नाराजगी**

ज्ञात हो कि इससे पूर्व मध्यप्रदेश शासन के लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने भी जिले मे चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुये व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये थे वही पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने भी जिले की खस्ता हालात पर कई बार तीखे हमले किये हैं। इसके अलावा अन्य जनप्रतिनिधि भी बिगड़े हालात पर चिंता व्यक्त करते हुये तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग कर चुके हैं।

### ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दिया जागरूकता संदेश'

# हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं परम धर्म सांसदः श्रीधर शर्मा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




ज्योतिपीठ के शंकराचार्य परम आदरणीय 1008 स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने वर्तमान सरकार की सनातनी दिखावे पर दो टूक शब्दों में आलोचना करते हुए कहा है कि धर्म के नाम पर हिंदुओं को लगातार अंधेरे में रखने का कार्य किया जा रहा है और हिंदुओं की आस्था और उनकी परंपरा के साथ निरंतर खिलवाड़ करने का कार्य वर्तमान कुर्सीधारियों के द्वारा किया जा रहा है जो कि हिंदुओं को भ्रमित करने की दिशा में किसी साजिश की ओर इशारा करती प्रतीत होती है। परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने बताया कि स्वामी ने निरंतर हिन्दुओं और गौ माता के संरक्षण के लिए प्रयास किया है लेकिन वर्तमान सरकार की सोच हिन्दुओं की आस्था के साथ निरंतर कुठाराघात करने की मंशा से ओतप्रोत प्रतीत होती है। शर्मा ने बताया कि स्वामी ने धर्म ध्वज के आरोहण पर वर्तमान सत्ता धारियों के दिखावे की पोल खोलकर हिन्दुओं को जागने का सन्देश देने का प्रयास किया है और यही वो समय है जब हिन्दुओं को जल्द से जल्द जागरूक होने का परिचय देते हुए अपनी पौराणिक परंपराओं से किए जा रहे खिलवाड़ का खुल कर विरोध किया जाना चाहिए। वर्तमान समय में समूचे देश में सनातनी परंपरा के साथ जमकर खिलवाड़ करते हुए राजनीतिक दलों ने प्रभु राम के नाम का भरपूर दुरुपयोग करते हुए धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति की दुकानें खोल रखी हैं और आम जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया जा रहा है। धर्म के ठेकेदारों ने जिस प्रकार से सनातन प्रेमियों की आस्था को निशाना बनाया है, उससे धीरे धीरे सामाजिक बंटवारा होता जा रहा है और वो दिन दूर नहीं, जब देश में सनातनी ध्वज की बाट जोहती हिंदुओं का सपना चूर चूर हो जाएगा और सभी हिन्दू कई संप्रदायों में बंटकर रह जाएंगे, जो कि देश की एकता और अखंडता पर इन कुर्सीप्रेमियों का प्रयास सफल होगा और देशवासी अपने अस्तित्व की तलाश कर रहे होंगे। कई दशकों से सोची समझी साजिश के तहत हिंदू और सनातन को लक्ष्य बनाकर बॉलीवुड सहित सिनेमाजगत में प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा हिंदुत्व को निशाना बनाया गया है और यह मुहिम लगातार जारी है, हालांकि सनातन की मजबूत जड़ों को हिलाने में भले ही इस गंदी मानसिकता को अब तक विजय नहीं मिली है, लेकिन अब हिन्दुओं को जागने की परम आवश्यकता है, क्योंकि हर एक हिन्दू को सजग रहने की आवश्यकता है कि हिंदुओं को अंधेरे में रखने का प्रयास निरंतर जारी है।

### तीन हाथियों के दल ने जिले मे प्रवेश करते ही ताण्डव किया शुरू

# हाथी विचरण क्षेत्र के जंगल में नहीं जाने सहित सतर्कता की सलाह

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** तीन हाथियों का समूह एक बार फिर से छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार कर अनूपपुर जिले में प्रवेश कर दूसरे दिन धनगवां बीट के जंगल में ठहरकर विश्राम कर रहे हैं। हाथियों द्वारा गुरुवार की सुबह कुसुमहाई गांव की झंडीटोला में एक ग्रामीण के कच्चे घर में तोड़फोड़ की, वन विभाग का गस्ती दल ग्रामीणों के साथ हाथियों के विचरण पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क रहने की सलाह दी है। 23 दिसंबर की रात तीन हाथियों का दल एक माह बाद फिर से एक दांत वाला हाथी दो अन्य साथियों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र के शिवनी बीट के जंगल एवं मालाडांड गांव से होकर छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश राज्य की सीमा के गूजर नाला को पार कर अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र के चोलना गांव में प्रवेश कर कट्टीटोला, डोंगरीटोला बचहाटोला से कुकुरगोंड़ा के बड़काटोला, कनईटोला होते हुए बुधवार की सुबह धनगवां बीट के जंगल में प्रवेश कर पूरे दिन चिमटहाई डोंगरी के पास विश्राम करता रहा तीनों हाथियों का समूह बुधवार एवं गुरुवार मध्य रात्रि जंगल से नहीं निकला जबकि जंगल से लगे कुसुमहाई, चोई एवं कुकुरगोड़ा गांव के टोला मोहल्ला में वन विभाग का गश्ती दल ग्रामीणों के साथ हाथियों के विचरण पर निगरानी बनाए रखा, गुरुवार की सुबह



तीनों हाथी धनगवां बीट के जंगल से अचानक निकलकर कुसुमहाई गांव के झंडीटोला निवासी बाल सिंह पिता कुन्नालाल सिंह के घर को घेर कर घर की दीवाल में तोड़फोड़ की अचानक आए हाथियों के समूह को देखकर परिजन घबराकर उठकर इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान वन विभाग के गश्ती दल के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के सहयोग से तीनों हाथियों को फिर से जंगल की ओर भेज दिया, दूसरे दिन फिर से तीनों हाथी धनगवां बीट के जंगल में विश्राम कर रहे हैं। वन विभाग एवं ग्राम पंचायतो द्वारा हाथी के संभावित विचरण वाले टोला मोहल्ला एवं ग्रामो के ग्रामीणों से सतर्क एवं सचेत रहने, हाथियों की किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर वन विभाग एवं ग्राम पंचायत को दिए जाने,दिन के समय हाथी विचरण क्षेत्र के जंगल में नहीं जाने, जंगल से लगे एवं गांव से बाहर खेत एवं अन्य स्थानों पर अकेले बनाये गये कच्चे मकानो के ग्रामीणों को शाम होने से पहले ही बीच गांव बस्ती में जाकर मकानो में सुरक्षित रहने की अपील की गई है।

# मशाल रैली से गूंजा राजेन्द्रग्राम, कल्याणिका स्कूल मे खेलकूद आयोजन संपन्न

विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की सहभागिता से यादगार बना खेलकूद आयोजन

हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।



जिले के एकमात्र सीआईएससीई बोर्ड से मान्यता प्राप्त कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन, पटना (राजेंद्रग्राम) में सत्र 2025दृ26 का वार्षिक खेलकूद समारोह अत्यंत भव्य, अनुशासित और प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास के साथ-साथ राष्ट्रभाव और खेल भावना को सुदृढ़ करने का सशक्त उदाहरण बना। कार्यक्रम की शुरुआत नगर में निकाली गई भव्य मशाल रैली से हुई। राजेंद्रग्राम कॉलेज तिराहा पर पुष्पराजगढ़ के एसडीओपी नवीन तिवारी एवं राजेंद्रग्राम थाना प्रभारी प्रकाश चंद्र कोल द्वारा रिबन काटकर मशाल प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात कॉलेज तिराहा से हनुमान मंदिर तक निकली मशाल रैली में विद्यार्थियों ने जोशीले नारों के साथ क्षेत्र में उत्साह का संचार किया। विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार घोष स्वयं विद्यार्थियों के साथ पथ संचलन करते हुए उनका उत्साहवर्धन करते रहे। रैली को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने इसे अपने मोबाइल कैमरों में भी कैद किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण भी मौजूद रहे। विद्यालय परिसर में अनुशासित मशाल मार्चिंग के साथ समारोह का औपचारिक शुभारंभ हुआ। स्वागत संबोधन, सरस्वती वंदना, मशाल प्रज्वलन, ध्वजारोहण और राष्ट्रगान ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सुसंगठित मार्च-पास्ट ने अनुशासन, एकता और समर्पण का प्रभावशाली संदेश दिया। इसके बाद खिलाड़ियों ने खेल शपथ लेकर निष्पक्षता, ईमानदारी और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का संकल्प लिया। खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत ट्रैक एवं फील्ड की विभिन्न स्पर्धाएँ आयोजित की गईं, जिनमें दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद और गोला फेंक प्रमुख रहीं। इसके अतिरिक्त सामूहिक खेलों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताएँ तथा शिक्षकों के बीच मैत्रीपूर्ण खेलों का आयोजन भी किया गया। समापन दिवस पर आयोजित रस्साकसी प्रतियोगिता दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जहाँ खिलाड़ियों के जोश और तालियों से पूरा मैदान गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने भावपूर्ण स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कल्याण सेवा आश्रम के प्रतिनिधि विनोद कार्की ने खेलों के महत्व और जीवन में अनुशासन की भूमिका पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। कक्षा 1, 2 और 3 के नन्हे विद्यार्थियों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को कवर करने पहुँचे पत्रकारों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार घोष ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं, जो आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत करते हैं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव हैं। इसी अवसर पर उन्होंने रस्साकसी प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया। पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न खेल स्पर्धाओं के विजेता विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन के अंत में विद्यालय के प्रशासक पी. एस. विश्वास ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में ध्वज अवतरण के साथ विद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्रमुख ललित प्रताप चौधरी द्वारा खेल ध्वज संस्था प्रमुख को सौंपा गया और इसी के साथ वार्षिक खेलकूद समारोह सत्र 2025-26 का विधिवत समापन हुआ। समग्र रूप से यह आयोजन विद्यार्थियों में शारीरिक दक्षता के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने वाला एक सफल, अनुकरणीय और स्मरणीय प्रयास सिद्ध हुआ।

# पवित्र नगरी अमरकंटक में आस्था का जनसैलाब

श्रद्धालुओं व पर्यटकों की रिकॉर्ड भीड़ से नगर हुआ गुलजार

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में शीतकालीन अवकाश का व्यापक प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। विद्यालयों में घोषित सप्तदिवसीय शीतकालीन अवकाश के चलते नगर में श्रद्धालुओं, तीर्थ यात्रियों, पर्यटकों तथा छात्र-छात्राओं की अभूतपूर्व भीड़ उमड़ पड़ी है। तड़के सुबह से ही नगर की गलियों, नर्मदा तट के घाटों एवं मंदिर परिसरों में चहल-पहल और रौनक बनी रहती है। श्रद्धालुओं का आगमन प्रातःकाल नर्मदा स्नान से प्रारंभ होता है। रामघाट, कोटि तीर्थ कुंड एवं गांधी कुंड में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। इसके पश्चात मां नर्मदा उद्गम मंदिर में दर्शन-पूजन एवं विशेष आरती में सहभागिता का क्रम अनवरत जारी रहता है। दर्शन उपरांत श्रद्धालु एवं पर्यटक कपिलधारा, दूधधारा, सोनमुड़ा, माई की बगिया सहित अन्य प्रमुख प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थलों की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। प्रतिदिन अपराह्न लगभग 4 बजे नर्मदा मंदिर का फाटक खुलते ही श्रद्धालुओं की संख्या में पुनः उल्लेखनीय वृद्धि हो जाती है, जो रात्रि 9 बजे तक निरंतर बनी रहती है। इस दौरान रामघाट पार्किंग स्थल पर बसों, चारपहिया एवं दोपहिया वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं, जिससे



यातायात व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। हालांकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की बढ़ती संख्या के अनुपात में नर्मदा तट के घाटों, नर्मदा मंदिर परिसर तथा प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा एवं पुलिस व्यवस्था को लेकर पर्याप्त इंतजाम न होने की बातें भी सामने आ रही हैं। इससे भीड़ प्रबंधन एवं अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है। उधर, अमरकंटक के होटल, लॉज, होमस्टे एवं यात्री निवास लगभग पूरी तरह से भर चुके हैं। अधिकांश आगंतुकों ने पूर्व में ही अपने आरक्षण सुनिश्चित कर लिए हैं। आगामी नववर्ष 1 जनवरी को पवित्र नगरी अमरकंटक में नववर्ष स्वागत हेतु लाखों श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में प्रशासन के समक्ष यातायात, सुरक्षा, स्वच्छता तथा अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रहा है।

### चचाई पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

# रंगदारी, गुंडागर्दी, शासकीय कार्य में बाधा एवं शासकीय सेवकों पर हमला करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



27.9.2025 को फरियादी आनंदकर शुक्ला पिता स्व. चतुर प्रसाद शुक्ला निवासी अनूपपुर चचाई का थाना आकर रिपोर्ट किया कि चिल्हारी रोड मेडियारास में इनकी जमीन में तार फेंसिंग पोल गड़े हुए थे जिसे रामरक्षा पटेल निवासी मेडियारास के द्वारा रंगदारी गुंडागर्दी कर तार फेंसिंग को उखाड़ कर खेती नहीं करने देने की धमकी देने व खेती करने के एवज में पैसे की मांग करने मना करने पर गाली गुफ्तार कर मारपीट करने एवं तार फेंसिंग उखाड़ कर नुकसान करने की रिपोर्ट पर थाना चचाई में अपराध क्रमांक 259/25 धारा 296,115 (2),119(1), 324 (4)351 (3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। 10.2.2025 को विवेचक सउनि महिपाल प्रजापति की ड्यूटी आर. अतुल शर्मा के साथ मेडियारास में दुर्गा जी विसर्जन रावण दहन हेतु लगायी गई थी, ड्यूटी के दौरान आजाद चौक मेडियारास में थे। आरोपी रामरक्षा पटेल अपने साथी अनीश पटेल, प्रवीण सोनी, एवं अंकित साहू के साथ आकर ड्यूटी में तैनात सहायक उप निरीक्षक महिपाल प्रजापति के साथ रामरक्षा पटेल और उनके साथियों के द्वारा यह कहकर की आनंदकर शुक्ला के पक्ष लेकर मेरे खिलाफ मुकदमा कायम कर दिए हो तब प्रजापति बोला कि मैंने कोई अपराध पंजीबद्ध नहीं किया है आपके द्वारा मारपीट की गई है इसलिए अपराध पंजीबद्ध हुआ है। इसी बात को लेकर बहसबाजी करने लगा और अपने साथियों के साथ सुरक्षा में तैनात महिपाल प्रजापति को शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए उनकी वर्दी फाड़ कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर हाथ मुक्का मारपीट एवं प्रवीण सोनी द्वारा हाथ में पहने कड़ा से प्रजापति के सिर में मार चोंट पहुंचाये। सहायक उप निरीक्षक महिपाल प्रजापति की रिपोर्ट पर उक्त चारों आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 262/25 धारा 296, 221, 132, 115 (2), 351(3), 3/5 बीएनएस एवं 3(1)द, ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना लगातार आरोपियों की घर पकड़ का प्रयास करते रहे। 24.12.2025 को सूचना मिली कि रात्रि में तालाब के पास अपने अन्य साथियों के साथ रामरक्षा पटेल पिता रामपदारथ उम्र 26 साल, प्रवीण सोनी पिता पुष्प मोहन सोनी उम्र 24 साल दोनों निवासी मेडियारास बैठकर पार्टी मना रहे हैं। सूचना पर मौके से रेड करवाई कर आरोपी रामरक्षा पटेल एवं प्रवीण साहू को दस्तयाब कर मामले में आरोपियों से आलाजरब जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जिला जेल अनूपपुर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक लालमणि चौधरी, किरण मिश्रा, प्रधान आरक्षक विकास दहायत, आरक्षक राकेश द्विवेदी, विवेक मिश्रा, प्रकाश निनामा, अभय सिंह एवं साइबर सेल से प्रधान आरक्षक राजेंद्र अहिरवार, पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नगर पालिका परिषद बिजुरी में मनाई अटल बिहारी वाजपेयी जयंती

देश के विकास में दिए योगदान को किया याद

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** नगरपालिका परिशद बिजुरी में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप मनाया।यह कार्यक्रम नगरपालिका परिसर में आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत वाजपेई जी चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण करके की गई इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा और मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन साहू उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा की अटल जी ने भारत को परमाणु शक्ति से संपन्न कर विश्व में देश को अग्रिम पंक्ति में स्थान दिलाया। उन्होंने अटल जी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश को




हर स्थिति में प्रथम रखने की चाहत ही सुशासन है,और हमें उनके व्य पाम का अनुसरण करना चाहिए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन साहू ने संबोधन में सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि इस प्रकार सुशासन स्वतः ही स्थापित हो जाएगी। इस अवसर पर नगरपालिका के नगर के प्रवेश द्वार केनापारा से होकर नगर की ओर आने वाले मुख्य मार्ग का नामकरण किया जिसका नाम अटल बिहारी वाजपेयी पथ होगा वही बनिया तालाब का नाम अब अटल बिहारी वाजपेयी सरोवर के नाम से जाना जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका ने कहा कि अटल जी का जीवन हमें दिखाता है कि राजनीति सिर्फ सत्ता के लिए नहीं बल्कि समाज की सेवा और देश के विकाश के लिए होनी चाहिए अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन के प्रतीक के रूप में जाने जाते हैं। कार्यक्रम में, नगरपालिका पार्षद गुंजन साहू, लक्ष्मी शुक्ला, अन्नू देवी, हुसैन, विमला पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिंकू शर्मा राजनगर मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, महामंत्री कैलाश कोल, पूर्व उपाध्यक्ष सतीश शर्मा सहित भाजपा मंडल के कई पदाधिकारी कार्यकर्ता विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा सांसद प्रतिनिधि गयाबोध मिश्रा नगरपालिका के राजस्व निरीक्षक लखनलाल पनिका, डीएन मिश्रा सहित कई कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मंदिर और घरों के बाड़े चंदन के 20 पेड़ रातोंरात चोरी, चोरों की तलाश जारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर समेत कई घरों के बाड़ों से 15 से 20 सफेद चंदन के पेड़ काटकर चोरी कर लिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ति नीरज मिश्रा ने बताया कि चोरी की यह वारदात रात करीब 11 बजे के बाद हुई। चोरों ने उनके घर के बाड़े के अलावा पास स्थित मंदिर और आसपास के अन्य घरों में लगे चंदन के पेड़ों को भी निशाना बनाया। नीरज मिश्रा के मुताबिक इलाके में इससे पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। इन मामलों की शिकायत भालूमाड़ा थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि पहले उनके घर के पास स्थित पंप हाउस से पाइप भी चोरी हो चुका है, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा और दहशत का माहौल है। भालूमाड़ा थाना प्रभारी विपुल शुक्ला ने बताया कि नीरज मिश्रा की शिकायत पर चंदन के पेड़ों की चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के इलाकों में तलाश कर रही है और जल्द ही खुलासे का दावा कर रही है।

